प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केन्द्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने आज महाकुंभ पहुंच त्रिवेणी में लगाई आस्था की डुबकी : श्री शाह न कहा– देश की विविधता, आस्था और ज्ञान परंपरा का संगम है महाकुंभ।
2. प्रयागराज में मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में : महाकुंभनगर को आज से घोषित किया गया नो वीकल जोन।
3. मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर प्रचार तेज : 5 फरवरी को डाले जायेंगे वोट, 8 फरवरी को होगी मतगणना।

और

4. पर्यटकों के बीच बढ़ी उत्तर प्रदेश की लोकप्रियता : बीते एक वर्ष म 23 लाख विदेशी पर्यटकों सहित 65 करोड़ सैलानियों ने किया राज्य का भ्रमण।

——————

महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। आज शाम 6 बजे तक एक करोड़ 18 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इसी क्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अनेक साधु–संतों ने आज संगम में

पवित्र स्नान किया। श्री शाह और उनके परिवार के सदस्यों ने अक्षय वट का दर्शन किया तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। एक रिपोर्ट.....

*अपनी यात्रा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कई साधु और संतों से मुलाकात की। श्री शाह ने कहा कि महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। यह सनातन जीवन दर्शन और समरसता पर आधारित अखंड परम्परा का संदेश देता। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ केवल तीर्थस्थल नहीं है बल्कि देश की विविधता, आस्था और ज्ञान परंपरा का भी संगम है।*

*इस बीच महाकुंभ नगर त्रिवेणी सगम तट पर चल रहे महाकुंभ मेले में देश के कोने कोने से आने वालें श्रद्धालुओं का सिलसिला निरंतर जारी है। भोर से ही पवित्र त्रिवेणी संगम में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे है। लगभग 12 किलोमीटर लंबे घाट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने प्रति दिन लाखों, करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। महाकुम्भ में अब तक 13 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार महाकुंभ नगर प्रयागराज।*

महाकुंभ में आस्था को डुबकी लगाने के बाद केन्द्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि महाकुंभ करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ आयोजन है और इसमें शामिल होना सौभाग्य की बात है। इस दौरान श्री रिजिजू ने सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। बाइट....

*संगम में आकर के इस पवित्र पानी में डुबकी लगाना ये हमारे जीवनकाल में एक विशेष अवसर और पल है। मैं मानता हूँ कि आस्था के प्रति एक श्रद्धा तो होता है लेकिन उसके साथ साथ जो व्यवस्था जिस तरीके से यहाँ कायम किया है मैं उत्तर प्रदेश का प्रशासन, आदरणीय मुख्यमंत्री*

*योगी जी और पूरे उनके टीम को बधाई देता हूँ कि ऐसा पवित्र अवसर पर करोड़ों लोगों का ध्यान रखा गया है। सब खुश थे।*

————————

संगम नगरी प्रयागराज में 29 जनवरी को होने वाले मौनी अमावस्या स्नान के सिलसिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस क्रम में महाकुंभ नगर को आज से नो–व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। यह फैसला मौनी अमावस्या के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर किया गया है। भीड़ के घनत्व पर नजर रखने और संगम नोज पर बहुत ज्यादा भीड़ न होने देने के लिए एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में रैपिड रिस्पांस टीम– आरआरटी तैनात की गई है। एक रिपोर्ट.......

*मौनी अमावस्या से पहले से पहले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी संख्या देखी जा रही है। पिछले दो दिनों में एक करोड़ पच्चीस लाख से ज्यादा श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। रेलवे स्टेशन और बस अड्डे तीर्थयात्रियों से भरे हुए है।*

*प्रदेश सरकार के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन आठ से दस करोड़ श्रद्धालुओ ं के पवित्र स्नान करने की सम्भावना है।*

*श्रद्धालुओं के सुविधा के लिये बारह किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण किया गया है ताकि सभी लोग आसानी से संगम में स्नान कर सकें। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

————————

मौनी अमावस्या स्नान के मद्देनजर रेलवे ने प्रयागराज रेल डिवीजन के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने–जाने

के लिये विशेष योजना बनाई है। मौनी अमावस्या स्नान पर्व के लिये प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों को प्रवेश सिर्फ प्लेटफार्म नम्बर–एक को तरफ से दिया जायेगा और निकास सिविल लाइंस छोर पर प्लेटफार्म नम्बर–6 की ओर से होगा। जिनका टिकट पहले से रिजर्व है उन्हें नगर छोर के गेट नम्बर–5 से अलग से प्रवेश दिया जायेगा। वहीं नैनी जंक्शन में प्रवेश सिर्फ स्टेशन रोड और निकास मालगोदाम की तरफ से होगा। इसके अलावा टिकट के लिये आश्रय स्थलों में भी अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिक्टिंग  की व्यवस्था रहेगी। इस दिन भीड़ को नियंत्रित करने के लिये खुसरो बाग में एक लाख लोगों के ठहरने के लिये होल्डिंग एरिया बनाया गया है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्य में मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में सभाएं और जनसम्पर्क कर रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप और वरिष्ठ नेता अनूप सिंह ने आज पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के पक्ष में अमानीगंज सहित कई क्षेत्रों में जनसभा और जनसम्पर्क कर लोगों से वोट देने की अपील की। श्री सिंह ने दावा किया कि इस उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त है और सत्ता परिवर्तन के मूड में है। भारतीय जनता पार्टी नेता और विधायक रामचन्द्र यादव ने हैरिंगटनगंज और मिल्कीपुर में कई जगहों पर लोगों से जनसम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी को सफल बनाने का आह्वान किया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की जीत से इस क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। यहां आगामी 5 फरवरी को वोट डाले जायेंगे और 8 फरवरी को मतगणना होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि राज्य में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और देशी–विदेशी पर्यटकों में उत्तर प्रदेश की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य पर्यटन विभाग के आकड़ों के मुताबिक पिछले एक वर्ष के दौरान राज्य में 65 करोड़ पर्यटक आ चुके हैं। इनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या में करीब सात लाख की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है और 23 लाख विदेशी पर्यटक प्रदेश का भ्रमण कर चुके हैं।

वहीं वर्ष 2003 के मुकाबले में वर्ष 2024 में करीब 17 करोड़ पर्यटकों की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

————————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने कल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया। इन सभी लोगों ने कला, संस्कृति, साहित्य, नाट्य, खेल और बौद्ध तथा जैन दर्शन के क्षेत्र में अपने योगदान से प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। श्रीमती पटेल ने सम्मानित लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि उनके उत्कृष्ट कार्य राज्य की प्रतिभा और नवाचार का सबूत है और समाज के लिये प्रेरणा के स्रोत है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे इन व्यक्तित्वों से प्रेरणा ले।

————————

राज्य में अलग–अलग दुर्घटनाओं में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गइ और तेरह लोग घायल हो गये हैं। आगरा जिले के फतेहाबाद इलाके में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर कल देर रात कार और ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब दिल्ली निवासी यह परिवार महाकुंभ में स्नान करने के बाद दिल्ली वापस जा रहा था। वहीं प्रतापगढ़ जिले के कोहड़ौर में महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी कार और मिनी ट्रक में आमने सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल

हो गये। घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह सभी मैनपुरी जिले के रहने वाले हैं।

(समाप्त)